तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 18 मई 2025

10 नवापारा में कल से शुरू होगा कराते प्रशिक्षण



12 धौराभाठा में निकाली गई तीरंगा यात्रा





# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीना पड़ेगा महंगा, 5 हजार का लगेगा जुर्माना

## मोहभट्ठा पंचायत में अवैध शराब एवं डिस्पोजल गिलास की बिक्री पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

■ सरपंच के नेतृत्व में गांव को निकाली नशामुक्त, जागरूकता रैली

विकासखंड सिमगा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मोहभट्ठा में सरपंच महेंद्र वर्मा और ग्रामवासियों ने मिलकर एक सराहनीय और अनुकरणीय कदम उठाया है। गांव को नशामुक्त और स्वच्छ बनाने की दिशा में उठाए गए इस प्रयास ने न केवल समाज को एक मजबूत संदेश दिया है, बल्कि ग्रामीण एकता की भी मिसाल पेश की है। गांव में अवैध शराब की बिक्री एवं खुले डिस्पोजल गिलास के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें अवैध शराब बंद करो, डिस्पोजल हटाओ - पर्यावरण बचाओ जैसे नारे लगाते हुए ग्रामीणों ने चौक - चौराहों पर जागरूकता फैलाई। इस मुहिम के अंतर्गत यह निर्णय लिया गया है कि अब गांव में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पाए जाने पर 5001 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं शराब खरीदने वाले की जानकारी देने वालों को इनाम भी दिया जाएगा। यहीं नहीं जो व्यक्ति किसी शराब विक्रेता या उपभोक्ता की जानकारी देगा उसका नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा और उसे 2501 रुपए का इनाम दिया जाएगा।




### रैली में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

रैली में सरपंच के साथ जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही, जिसने इस अभियान को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। यह पहल न केवल कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है, बल्कि समाज को स्वच्छ, सुरक्षित और नशामुक्त बनाने का एक प्रभावी प्रयास भी है।

## खबर संक्षेप

### बगैर अनुमति मुख्यालय से अनुपस्थित पटवारी निलंबित

**बलौदाबाजार।** बिना सूचना एवं पूर्व अनुमति के कार्य एवं मुख्यालय से अनुपस्थित रहने वाले पटवारी को निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क़ानूगो शाखा तहसील कसडोल में संलग्न पटवारी दीपकदास 1 अप्रैल से बिना सूचना एवं अनुमति के लगातार अपने कार्य एवं मुख्यालय से अनुपस्थित रहने के कारण छतीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के अनुसार एसडीएम कसडोल द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय कसडोल नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### 55 पौवा शराब जब्त कोचिया गिरफ्तार

**बलौदा बाजार।** जिले में संचालित समाधान सेल योजना के तहत आमजन की शिकायतों व समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत प्राप्त सूचनाओं के आधार पर अपराधियों की धरपकड़ में निरंतर सफलता मिल रही है। इसी क्रम में 16 मई को समाधान सेल में प्राप्त एक गोपनीय सूचना के आधार पर थाना भाटापारा ग्रामीण की पुलिस टीम ने अर्जुनी में अवैध शराब विक्रय की गतिविधि में लिप्त एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपी शंकर लाल फेकर 55 वर्ष, निवासी ग्राम अर्जुनी से 5500 मूल्य के 55 पौवा देसी मसाला शराब बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जेल भेजा गया।



### आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रति व्यक्ति 4-4 लाख के मान से 12 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 16 मई को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों में विरेन्द्र पिता अमारु राम निवासी ग्राम खपराडीह तहसील भाटापारा, रामला बाई पटेल पति स्व चैतराम पटेल निवासी ग्राम बलौदा, तहसील टुण्डरा शशि साहू पति श्यामलाल साहू निवासी ग्राम लाहौद तहसील लवन शामिल हैं। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ितों के बैंक खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

## जांजगीर में 19 को आयोजित रैली के लिए जिला कांग्रेस की हुई बैठक

# संविधान बचाओ रैली के लिए बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 19 मई को जांजगीर में आयोजित संविधान बचाओ रैली की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने की। बैठक में कसडोल विधायक संदीप साहू, भाटापारा विधायक इंद्र साव, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जिला कांग्रेस प्रभारी अशोक राज आहूजा, कार्यक्रम प्रभारी प्रेमचंद जायसी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष गोपी साहू सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

बैठक में रैली की सफलता हेतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अधिक संख्या में जांजगीर पहुंचने की अपील की गई। नेताओं ने अपने संबोधन में केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान का लगातार अपमान कर रही है तथा ईडी, आईटी, सीबीआई जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संविधान की रक्षा हेतु हमेशा मुखर होकर विरोध दर्ज कराया है।

वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व जाति जनगणना की मांग को लेकर लगातार प्रयासरत रहा है, जिसका असर यह हुआ कि केंद्र सरकार को जाति जनगणना के सर्वेक्षण का निर्णय लेना पड़ा।

बैठक में विशेष रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम गिरी, रूपेश सिंह ठाकुर, सुनील कुर्रे, दयाराम वर्मा, के.के. नायक, अरुण यदु, युधिष्ठिर नायक, भुनेश्वर वर्मा, पूर्व नपा अध्यक्ष विक्रम पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य केवल रैली की रणनीति तय करना ▶▶ शेष पेज 10 पर

## उपभोक्ता आयोग का निर्णय

# चोरी गए ट्रैक्टर की राशि देगा बीमा कंपनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ आयोग ने बीमा कंपनी को 5 .90 लाख की बीमा राशि देने दिया आदेश

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने एक महत्वपूर्ण फैसले में बीमा कंपनी इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, रायपुर को आदेशित किया है कि वह ट्रैक्टर चोरी के मामले में उपभोक्ता को 5,90,401 की बीमा राशि, 10 हजार मानसिक क्षति के लिए तथा 5 हजार वाद व्यय के रूप में कुल 6,05,401 की राशि 45 दिनों के भीतर अदा करें।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम वासी राजनारायण प्रजापति ने नगद भुगतान कर ट्रैक्टर खरीदा था और उसे घर के सामने खड़ा कर रात में विश्राम हेतु चले गए। अगले दिन 1 अप्रैल 2014 को ट्रैक्टर चोरी हो गया। रिपोर्ट दर्ज कराने में दस्तावेजों की कमी के कारण विलंब हुआ और 9 अप्रैल 2014 को ही पुलिस में प्राथमिकी दर्ज हो सकी।

राजनारायण ने बीमा कंपनी के समक्ष दावा प्रस्तुत किया, जिसके बाद बीमा कंपनी का सर्वेयर उनके घर पहुंचा और आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण कर ट्रैक्टर की दोनों चाबियां भी लेकर गया। इसके बावजूद 25 अप्रैल 2014 को बीमा दावा निरस्त कर दिया गया, यह कहते हुए कि सूचना देने में विलंब हुआ।

उपभोक्ता द्वारा इस अस्वीकृति के विरुद्ध जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया गया। आयोग के अध्यक्ष ▶▶ शेष पेज 10 पर

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से राष्ट्र गौरवान्वित : मंत्री श्याम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता को लेकर देश में देशभक्ति की लहर दौड़ रही है। इसी क्रम में बलौदाबाजार जिले के ग्राम पंचायत सकरी में प्रभारी मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा भारतीय सेना के अदम्य साहस, निष्ठा और पराक्रम को सम्मानित करने एवं आमजन में देशभक्ति की भावना जागृत करने हेतु निकाली गई।

इस अवसर पर पूर्व सैनिक संदीप फेकर एवं ईश्वर साहू का शाल व श्रीफल से सम्मान कर राष्ट्र के प्रति उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, भारत हमेशा शांति का ▶▶ शेष पेज 10 पर

### सकरी में निकाली गई तिरंगा यात्रा

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ दुर्गा चौक सकरी से अपराह्न 4 बजे भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद जैसे देशभक्ति नारों के साथ हुआ, जो डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परिसर में सम्पन्न हुई। इस राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, पूर्व सैनिक, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल, मीडिया प्रतिनिधि और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।




## बलौदा बाज़ार की बेटियों ने लहराया परचम

# संस्कृत बोर्ड परीक्षा : टॉप-10 में पांच छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मंडलम्‌की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया। इसमें बलौदा बाज़ार जिले की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष कक्षा 12वीं में और जिले की प्रिंसी मधुकर ने पूरे राज्य में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। उनके साथ ही जिले की कुल पांच छात्राएं टॉप-10 में शामिल होकर शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणास्पद उदाहरण बनी हैं। टॉप-10 सूची में शामिल सभी पांच छात्राएं ▶▶ शेष पेज 10 पर



### छात्राओं की प्रेरणादायक कहानियां



**प्रिंसी मधुकर** ने बताया कि उनके पिता के सहयोग और ट्यूशन क्लास की मदद से वे यह मुकाम हासिल कर सकीं। वे आगे बीएससी नर्सिंग या डीएलएड कर शिक्षिका बनने का सपना रखती हैं।



**आंचल कर्ष**, एक कृषक परिवार से होने के बावजूद शिक्षा के प्रति दृढ़ निश्चयित रहीं। उन्होंने संस्कृत भाषा के संरक्षण में युवाओं की भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।



**दुर्गेश्वरी ध्रुव** ने पिता के निधन के बाद पारिवारिक कठिनाइयों में भी पढ़ाई जारी रखी। उन्होंने कहा कि निर्धन बच्चों को सरकारी सहायता की सख्त ज़रूरत है।

### संस्कृत भाषा की महत्ता पर जोर

प्राचार्य डॉ. डीके महीपाल ने कहा, "संस्कृत केवल भाषा नहीं, हमारी सांस्कृतिक आत्मा है। शासन को चाहिए कि हर विकासखंड में संस्कृत विद्यालय और हर जिले में संस्कृत महाविद्यालय स्थापित किए जाएं।"छात्राओं की यह सफलता न केवल बलौदा बाजार जिले के लिए, बल्कि संस्कृत शिक्षा की दिशा में भी एक प्रेरक संकेत है। यह उपलब्धि समाज के हर वर्ग के बच्चों के लिए एक संदेश है कि संकल्प और परिश्रम से कोई भी शिखर दूर नहीं।

## खबर संक्षेप



### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत

**रायपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 रायपुर के कक्षा बारहवीं एवं दसवीं के छात्रों ने रायपुर तथा संपूर्ण छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। सीबीएसई-2025 परीक्षा के अंतर्गत बारहवीं एवं दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें दोनों कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं में कला संकाय से ज्ञानवी कोरे 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान, पलक सोनकर 91.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा अविका सिंह 88.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार विज्ञान संकाय से शुभम पात्रे 90.6 प्रतिशत, छवि पाटिल 90.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा हर्ष साहू 89.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान तथा वाणिज्य संकाय से रुचिका वर्मा 93.4 प्रतिशत अंकों के प्रथम स्थान, रिशिका साहू 89.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा अर्णव कश्यप 86.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दसवीं में चंचल भारती 93.6 प्रतिशत तथा अनस अहमद 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहे। रचित नायक 92 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे तथा सुष्मिता पात्रे 91.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं । कक्षा बारहवीं में 2 छात्रों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए, जिसमें संस्कृति शुक्ल ने फिजिकल ऐक्टिविटी ट्रेनर विषय में एवं हर्ष साहू ने कंप्यूटर साइंस विषय में शत-प्रतिशत अंक अर्जित किए। कक्षा दसवीं में भी 2 छात्रों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए, इनमें क्रमशः सेमोन सांगसूरतन (संस्कृत), अनस अहमद (गणित) शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य सुजीत सक्सेना, उप-प्राचार्या सुनीता खिरबत तथा सभी शिक्षकों ने होनहार छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### बीएड-डीएलएड के प्रवेश पत्र जारी

**रायपुर।** व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली बीएड और डीएलएड प्रवेश परीक्षाओं के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। यह प्रवेश परीक्षा 22 मई को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। छात्र व्यापम की वेबसाइट पर जाकर अपने प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं अथवा रजिस्टर्ड नंबर पर भेजे गए एसएमएस पर क्लिक करके भी एडमिट कार्ड प्राप्त किया जा सकता है। व्यापम ने किसी भी तरह की दिक्कत के लिए प्रवेशपत्र भी जारी किया है।

### पीपीटी व प्रीएमसीए के मॉडल आंसर जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्री पॉलिटेक्टनिक टेस्ट तथा प्री एमसीए के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। उक्त दोनों ही परीक्षाएं एक मई को आयोजित की गई थीं। छात्र मॉडल आंसर पर 21 मई तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें प्रति प्रश्न 50 रुपए का भुगतान करना होगा। दावा आपत्तियों के निराकरण के बाद व्यापम अंतिम परिणाम जारी करेगा।

# सामान्य यात्रियों की वापसी पर डोमेस्टिक फ्लाइट पैकेज पर अभी भी ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीजफायर होने और विमानतलों में हाई अलर्ट पर दी गई ढील के बाद सामान्य यात्रियों की वापसी होने लगी है। छुट्टियों में विभिन्न शहरों में घूमने के लिए डोमेस्टिक फ्लाइट पैकेज बुक करवाने वालों के मन से अभी डर खत्म नहीं हुआ है। युद्ध के हालात बनने पर देश और विदेश यात्रा की बुकिंग कैंसिल होने का सदमा झेल रहे ट्रैवल्स एजेंट बची छुट्टियों में सैर-सपाटे करने वालों की बुकिंग बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं।

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद देश के कई विमानतलों को बंद कर दिया गया था। इस दौरान रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट सहित अन्य शहरों के एयरपोर्ट में सुरक्षा हाईअलर्ट पर थी। युद्ध की स्थिति टलने के बाद सुरक्षा में ढील दी गई है और यात्रियों को तीन घंटे पहले विमानतल पहुंचने की पाबंदी हटा दी गई है। एहतियात के तौर पर यहां विजिटर एंट्री बैन कर दिया गया था, जिसे वापस लिया जा चुका है।

व्यास ट्रैवल्स के संचालक पंकज व्यास ने बताया कि तनाव समाप्त होने के बाद दूसरे शहरों की यात्रा करने वाले सामान्य यात्री लौट चुके हैं। दूसरे शहरों के लिए बुकिंग हो रही है, मगर छुट्टियां शेष होने के बाद भी सैर-सपाटा के लिए जाने वाले बुकिंग के लिए सामने नहीं आ रहे हैं। अशांति के दौरान भारी संख्या में लोगों ने टिकट कैंसिल कराया है। जिनकी यात्रा जून में पूरी होनी है, वे धीरे-धीरे मूड बना रहे हैं और संभावना है कि आने वाले दिनों और बारिश के पहले तक लोगों की छुट्टियों की यात्रा का मूड फिर से जमेगा।



- विमानतल में हाई अलर्ट से दी गई ढील, विजिटर एंट्री से भी पाबंदी हटी
- छुट्टियां बाकी इसलिए सैर-सपाटे वालों की बुकिंग बढ़ने का इंतजार

### एयरपोर्ट में हुआ था मॉकड्रिल

तनाव के दौरान रायपुर एयरपोर्ट में भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैनात सुरक्षा बलों की सक्रियता को परखा गया था। इसके लिए विमानतल में मॉकड्रिल भी किया गया था और रात में ब्लैक आउट की प्रक्रिया दोहराई गई थी। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि उस अवधि में रायपुर विमानतल पर आवाजाही करने वालों की पूरी सख्ती से जांच की गई थी। हालांकि उस अवधि में रायपुर से संचालित होने वाले किसी भी विमान की आवाजाही पर असर नहीं हुआ था।

### विदेशों का टिकट भी रद्द, करोड़ों का नुकसान

तनाव को देखते हुए देश के साथ विदेश जाने वाले यात्रियों ने भी मई के महीने का टिकट कैंसिल करा दिया था। इसमें तुर्की, अमेरिका और आस्ट्रेलिया जाने वाला परिवार शामिल था। काफी यात्रियों की बुकिंग जून की है, जो आपात स्थिति हटने के बाद बाहर जाने का मन बना रहे हैं। जून में प्रदेश से काफी लोगों ने न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया सहित अन्य देशों का टिकट कराया है। इसके अलावा आने वाले दिनों में देश के भीतर के विभिन्न शहरों की बुकिंग बढ़ने का अनुमान है।

**समीक्षा :** कलेक्टर ने ली बैठक, अनुपस्थित 9 ऑब्जर्वरों को जारी हुआ नोटिस

# प्री बीएड और डीएलएड परीक्षा 22 को, 10 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित प्री बीएड एवं प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा 22 मई को आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए बलौदाबाजार जिले में कुल 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 10,308 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

परीक्षा की तैयारी की समीक्षा हेतु कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को केन्द्राध्यक्षों एवं ऑब्जर्वरों की बैठक ली। उन्होंने परीक्षा को संवेदनशील बताते हुए पूर्ण सतर्कता और सावधानी बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुचित साधनों पर विशेष निगरानी रखने और परीक्षा को समय पर प्रारंभ एवं समाप्त करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में अनुपस्थित रहे 9 ऑब्जर्वरों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### परीक्षा का विवरण

प्रथम पाली में प्री बीएड प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें 16 केंद्रों में कुल 3,464 परीक्षार्थी भाग लेंगे।द्वितीय पाली में प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा दोपहर 2 बजे से अपराह्न 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 26 केंद्रों में 6,844 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। प्रशासन द्वारा परीक्षा को निर्विघ्न और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने की पूर्ण तैयारी की जा रही है।

# नपं रोहांसी में निकाली तिरंगा यात्रा




**पलारी।** पहलगांव आंतकी हमले में भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया तथा आपरेशन सिंदूर के तहत आंतकियों के मांद में घुसकर उनको जमीदोंज किया, जिस पर भारतवासियों को भारतीय सेना पर गर्व है तथा सेना के शौर्य व पराक्रम के लिए शनिवार को नगर पंचायत रोहांसी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों ने हाथ में झंडा लिए देशभक्ति के नारे लगाए। पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंगा दिखा। यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे, जिसमें नगर अध्यक्ष नंदेश्वर साहू, उपाध्यक्ष पीतांबर साहू, पार्षद जानकी साहू, यामिनी साहू, युगल किशोर साहू, प्रमिला कनौजे, दिनेश साहू, लखन, यादव, कमलेश चतुर्वेदी, बिंदू बघेल, शितल साहू, बुधारू साहू, अजय ध्रुव, हेमंत साहू, मोहन साहू, विजय जायसवाल, देवेन्द्र ओझा, अवधेश साहू, सीएमओ, राजीव रंजन श्रीवास्तव, शंकर साहू, हृदय जायसवाल, स्काउट गाइड के विद्यार्थी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण व नपं के कर्मचारी शामिल हुए।

# नवापारा में कल से शुरू होगा कराते प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए विकासखंड सिमगा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नवापारा में ग्रीष्मकालीन कराते प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 19 मई से किया जा रहा है। यह शिविर आगामी 10 दिनों तक चलेगा।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में कराते के साथ-साथ विद्यार्थियों को वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, योग तथा पारंपरिक खेलों की भी प्रशिक्षित किया जाएगा। कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

विद्यालय प्रबंधन ने शिविर की तैयारियों को लेकर पूरी सतर्कता बरती है। शिविर का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य विद्यार्थियों को मोबाइल की लत से दूर कर खेलों की ओर प्रेरित करना भी है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए खेल से जुड़ें, मोबाइल को छोड़ें विषय पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।

प्राचार्य गणेशराम ने बताया कि अभी समर समर क्लास चल रही है उसमें जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पूरे जिला में 10 स्कूल का चयन किया गया है। कराते वगैरा के लिए बच्चों को प्रमाण पत्र मिलेगा। कराते सीखने को मिलेगा, बाहर से आएंगे सिखाने के लिए कम से कम 100 बच्चे जोड़ने बोले हैं। 19 मई से शुरू होगा, 10 दिनों के लिए सकरी, बिटकुली, मुड़पार, नवापारा आसपास स्कूलों के बच्चे आयेंगे। 100 बच्चों का लिस्ट दे चुके हैं मुख्यतः कक्षा आठवीं से 12वीं तक के बच्चे शामिल रहेंगे समय प्रातः 1 से 2 घंटे का रहेगा।

- 8 वी से 12वी तक के छात्र होंगे शामिल, खेलों के माध्यम से बच्चों का होगा सर्वांगीण विकास

इस शिविर के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और शारीरिक स्फूर्ति को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, इस प्रकार के आयोजन बच्चों को मानसिक रूप से भी सशक्त बनाने में सहायक होंगे।

# नयापारा में विहिप-बजरंग दल की नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले के डमरू खंड अंतर्गत ग्राम नयापारा में विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने युवाओं को संगठन की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए सामाजिक एवं धार्मिक जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया।

श्री तिवारी ने - युवाओं से किसी भी प्रकार के नशा, दुर्व्यसन और दुराचरण से दूर रहकर हिंदू समाज के हित में संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों और गौशालाओं की नियमित सफाई करने, प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का आयोजन करने, बैठक के माध्यम से कार्ययोजना तैयार करने तथा सभी सनातनी पर्वों और सामाजिक धार्मिक आयोजनों में सक्रिय सहयोग देने का संदेश दिया।

इस अवसर पर ग्राम नयापारा निवासी पूर्व सरपंच राजेंद्र जायसवाल को डमरू खंड का विहिप अध्यक्ष तथा आदित्य कुमार यदु को बजरंगदल खंड संयोजक का दायित्व सौंपा गया। साथ ही ग्राम स्तरीय पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की गई। इसमें ग्राम अध्यक्ष – आनंद साहू, उपाध्यक्ष – सालिकराम पाल, मंत्री – महेश पाल,

सहमंत्री – भुवनेश्वर यादव, सत्संग प्रमुख – योगेश साहू, बजरंगदल ग्राम संयोजक – गोविंद गिरी गोस्वामी,

सहसंयोजक – यंगम साहू, साप्ताहिक मिलन प्रमुख – रंजीत साहू, गौरक्षा प्रमुख – मुकेश पाल, अखाड़ा प्रमुख – राम अवतार यादव ग्राम स्तर पर सर्वसम्मति से चयनित किए गए।

बैठक में जिला अखाड़ा प्रमुख रवि यादव, नगर संयोजक दिनेश यादव, विहिप नगर प्रतिनिधि आयुष बरनवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं युवा उपस्थित रहे। स्थानीय युवाओं–मेघनाथ सेन, थानेश्वर देवदास, दीपक पाल, दीपक रजक, मनीष पाल, अनिल कुमार, प्रकाश पाल, कृष्ण कुमार साहू, नवीन पटेल, ओमप्रकाश, धरम निषाद, कमलेश्वर गिरी गोस्वामी, टिकेश्वर पटेल, मोहन पाल, दिपेश पाल आदि ने संगठन से जुड़कर गांव, गौवंश, समाज और राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया।

# 10वीं बोर्ड में कन्या स्कूल का 100 प्रतिशत रिजल्ट



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शासकीय प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास सिमगा की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया। छात्रावास की सभी 25 छात्राओं के उत्तीर्ण होने से संस्था की शैक्षणिक गुणवत्ता एक बार फिर प्रमाणित हुई है।

छात्रावास की छात्रा रितु पिता तोरन कुर्रे ने 88.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पीएम श्री हिंदी माध्यम स्कूल, सिमगा में प्रथम स्थान अर्जित किया। रितु ने अपनी सफलता का श्रेय निरंतर पढ़ाई, माता-पिता के आशीर्वाद और छात्रावास के अनुशासित माहौल को दिया। उन्होंने बताया कि वे भविष्य में हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) बनना चाहती हैं। धनेश्वरी भारती, पिता सहदेव भारती, ग्राम बगौद नयापारा निवासी ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

पूर्णिमा नवरंग ने 76 प्रतिशत, वर्षा महिलंगे ने 71 प्रतिशत अंक हासिल की।

छात्रावास अधीक्षिका अंजनी ने बताया कि विगत चार वर्षों से छात्रावास की छात्राएं लगातार विद्यालय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं। यह सफलता अनुशासित जीवनशैली, सतत परिश्रम और छात्रावास में उपलब्ध शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। छात्रावास की इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग, स्थानीय प्रशासन और अभिभावकों ने छात्राओं, अधीक्षिका एवं पूरे स्टाफ को बधाई दी।

# प्रभारी मंत्री ने कुसमी में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शुक्रवार को जिला प्रवास के दौरान विकासखंड पलारी के ग्राम कुसमी में आयोजित जनचौपाल में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों क़ो निर्देशित किये। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने करोड़ों के विकास कार्यों की स्वकृति दी, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोसमंदी में स्टॉफ आवास, आयुष्मान आरोग्य मंदिर गातापार में आहाता निर्माण, 300 मीटर नहर निर्माण, कुसमी स्वास्थ्य केंद्र में अहाता निर्माण, गुरुघासीदास चौक में सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति दी। इसके साथ ही हायर सेकण्डरी स्कूल कुसमी में मैदान का समतलीकरण हेतु मनरेगा से प्रताव देने एवं सीसी रोड निर्माण के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि हमारी सरकार लोगों की समस्याओं क़ो सुनने और समाधान करने उनके पास पहुंच रही है। शासन की योजनाओं क़ो समाज के अंतिम छोऱ के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुशासन तिहार का उद्देश्य है। इस दौरान ग्रामीणों ने राजस्व से सबंधित जमीन का पट्टा, आबादी भूमि का पट्टा, पीएम आवास एवं महतारी वंदन योजना में पंजीयन की मांग की। प्रभारी मंत्री ने एसडीएम एवं तहसीलदार क़ो राजस्व संबधित समस्या का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृव में सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए योजना लागू की है। अपने पात्रता अनुसार सभी हितग्राही योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक स्थिति मजबूत करें। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, जनपद पंचायत अध्यक्ष सवीता भीम यादव, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, कृष्णा अवस्थी, तेजराम वर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

- करोड़ों के विकास कार्यों की दी स्वीकृति

# जामनगर से लाए गए जेब्रा की सर्पदंश से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जंगल सफारी में एक वयस्क नर जेब्रा की सर्पदंश से मौत हो गई। सांप काटने की घटना गुरुवार देर रात साढ़े 12 बजे के करीब की है। जेब्रा को सांप काटे जाने के बाद जू कीपर की उस नजर पड़ी, तब तक जेब्रा जिंदा था और उसके मुंह से झाग निकल रहा था।

जू कीपर ने तत्काल इसकी सूचना जंगल सफारी के डायरेक्टर थेजस शेखर के साथ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. जय किशोर जड़िया को दी। दोनों ने मौके पर पहुंचकर जेब्रा को बचाने एंटी स्नैक वेनम डॉट लगाया, बावजूद इसके जेब्रा को बचाया नहीं जा सका और उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सफारी में जिस जेब्रा की मौत हुई है, उस जेब्रा को एक पखवाड़ा पूर्व अनंत अंबानी की संस्था द्वारा संचालित गुजरात स्थित जामनगर राधे कृष्णा टेम्पल एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट से लाया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए जंगल सफारी के डायरेक्टर ने सभी आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए हैं।

सभी प्रजाति के वन्यजीवों के बाड़े में सर्प नियंत्रण और निगरानी प्रणाली को मजबूत करने के डायरेक्टर ने निर्देश दिए हैं।

## पेज 9 के शेष

### संविधान बचाओ रैली...

ही नहीं, बल्कि संविधान की मूल भावना की रक्षा हेतु जनजागरण फैलाना भी था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

### चोरी गए ट्रैक्टर...

छमेश्वर लाल पटेल एवं सदस्यगणों ने दोनों पक्षों की सुनवाई के उपरांत बीमा कंपनी को सेवा में आंशिक कमी का दोषी मानते हुए उपभोक्ता के पक्ष में निर्णय दिया।यह निर्णय उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की सुरक्षा और न्याय प्राप्ति के प्रति एक सकारात्मक संदेश देता है, साथ ही बीमा कंपनियों के लिए यह एक चेतावनी भी है कि वे बिना ठोस आधार के उपभोक्ताओं के दावों को अस्वीकार न करें।

### ऑपरेशन सिंदूर की...

पक्षधर रहा है, लेकिन जब भी देश पर खतरा मंडराया है, हमारी सेना ने दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर हमारी सेनाओं की वीरता और रणनीतिक क्षमता का प्रतीक है।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अब आतंक के खिलाफ एक निर्णायक नीति पर कार्य कर रहा है और यदि आवश्यकता पड़ी तो देश एकजुट होकर युद्ध के लिए भी तैयार है।

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने सेना को दी गई खुली छूट की सराहना करते हुए कहा, भारत की सेना विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का पालन कर देश की रक्षा करती है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा।

कलेक्टर दीपक सोनी ने ऑपरेशन सिंदूर को सेना के इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और कहा कि इस अवसर पर जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, पवन कुमार साहू, ईशान वैष्णव, लक्ष्मी वर्मा, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, विजय केशरवानी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ दिव्या अग्रवाल, डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### संस्कृत बोर्ड परीक्षा ...

कसडोल विकासखंड के राष्ट्रीय आदर्श प्राच्य संस्कृत उत्तर माध्यमिक विद्यालय, सर्वा कटगी की हैं। इन छात्राओं की आपसी मित्रता और समर्पण भी चर्चा का विषय बनी है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीके महीपाल ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय के लिए गौरव की बात है। **टॉपर्स की सूची इस प्रकार है:** प्रिंसी मधुकर (612 अंक - 87.43%) – प्रथम स्थान, आंचल कर्ष (597 अंक - 85.29%) – द्वितीय स्थान, दुर्गेश्वरी ध्रुव (583 अंक - 83.29%) – तृतीय स्थान. यामिनी कुर्रे (545 अंक - 77.86%) – छठवाँ स्थान, मनिषा (532 अंक - 76%) – आठवा स्थान।

# मोहरा-कठिया-मोहरेगा मार्ग बना जानलेवा, डेढ़ फीट तक गहरे गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

बलौदाबाजार और रायपुर जिले को जोड़ने वाला मोहरा से कठिया मोहरेगा मार्ग इन दिनों जानलेवा साबित हो रहा है। यह मार्ग दोनों जिलों के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिससे रोजाना सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। खासकर सीमेंट संयंत्रों की भारी-भरकम गाड़ियां इस मार्ग से नियमित रूप से आवाजाही करती हैं, लेकिन सड़क की स्थिति इतनी खतरनाक हो चुकी है कि अब लोग इस रास्ते पर चलने से भी डरने लगे हैं। मार्ग पर लगभग डेढ़ फीट तक गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिनमें बारिश के दिनों में पानी भर जाता है और सड़क पूरी तरह से गायब हो जाती है। इससे वाहन चालकों को गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता और दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि कैसे सड़क की हालत पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और कीचड़ व पानी से मार्ग दलदल में तब्दील हो गया है। भारी वाहनों की तेज गति से गुजरने के दौरान गिट्टियां छिटकती हैं, जिससे राहगीर और बाइक सवार घायल हो रहे हैं।

सड़क की हालत देखकर कोई भी अंदाजा लगा सकता है कि यह दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही है। प्रशासन से अपील है कि इस मार्ग की मरम्मत कार्य को जल्द से जल्द प्राथमिकता दी जाए, अन्यथा मार्ग जानलेवा साबित होगा।

## सीमेंट संयंत्रों की भारी-भरकम वाहनों से मार्ग गड्ढे में तब्दील





### दुर्घटनाग्रस्त हो रहे राहगीर

स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर ट्रकों के फंसने, पलटने और छोटे वाहनों के टूटने की घटनाएं आम हो गई हैं। कई बार तो एंबुलेंस भी इन गड्ढों में अटक जाती है, जिससे मरीजों की जान पर बन आती है। नया नहीं तो कम से कम रिपेयरिंग तो करा दो साहब, यह बात अब यहां के लोगों की रोज की पुकार बन चुकी है। कई बार शिकायतें करने के बावजूद अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। लोग कहते हैं कि बरसात के पहले यदि सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो गड्ढे और भी खतरनाक बन जाएंगे। यह सड़क अब केवल बलौदा बाजार ही नहीं, बल्कि रायपुर जिले में भी खतरनाक मार्ग के नाम से पहचानी जाने लगी है।

## खबर संक्षेप



### चरामेति फाउंडेशन दिव्यांग सेवा 'आंबेडकर' को दीं 8 व्हीलचेयर

**रायपुर।** चरामेति फाउंडेशन द्वारा आंबेडकर अस्पताल में मरीजों को हो रही परेशानियों को ध्यान में रखते हुए 16 मई शुक्रवार को 8 व्हीलचेयर प्रदान की गईं। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर एवं सहायक अधीक्षक डॉ. अनिल बघेल ने इस अवसर पर कहा कि इन व्हीलचेयर्स से अशक्त एवं गंभीर मरीजों को विभन्नि प्रकार की जांच के लिए ले जाने में बहुत ही सहायता मिलेगी। उन्होंने इस हेतु चरामेति फाउंडेशन की सराहना भी की। फाउंडेशन के राजेंद्र ओझा ने सुभाषिनी जतिंदर भनोट, सुनीला बेन पंड्या, डॉ. शीला गोयल, डॉ. जेके गोयल, प्रेमनारायण सोलंकी, एके गांगुली के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से व्हीलचेयर प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम डॉ. मृणालिका ओझा, रोशन बहादुर, शेखर गोस्वामी, वीरेंद्र, अनीता अग्रवाल, गौरव दुबे, अखिलेश आदि की उपस्थिति एवं सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रेमप्रकाश साहू एवं आभार व्यक्त शुभ्रा ने किया।

### कलाकारों के भुगतान के लिए सांसद बृजमोहन का सीएम को पत्र

**रायपुर।** अंचल के कलाकारों को जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा से संस्कृति विभाग द्वारा प्रदत्त कार्यक्रम वर्ष 2023-24 के लिए पूर्व वित्तीय वर्ष के भुगतान के लिए संस्कृति विभाग द्वारा पिछले वर्ष जून में वित्त विभाग से प्रशासकीय अनुमोदन मांगा गया था, जिस पर कोई कार्यवाही न होने के कारण वह भुगतान अभी तक लंबित है और साथ-साथ वर्ष 2024-25 में भी बजट समाप्त हो जाने के कारण बहुत से कलाकारों का भुगतान फिर लंबित हो गया है। इसकी जानकारी वरिष्ठ गायक कलाकार शरद अग्रवाल द्वारा रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल को दी गई। इसके बाद बृजमोहन अग्रवाल ने कलाकारों को पूर्व लंबित भुगतान तत्काल करवाने का अनुरोध मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पत्र लिखकर किया है।

### कांग्रेस ने कहा- स्काईवॉक अनुपयोगी

**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा अधूरे स्काईवॉक को फिर से बनाने के लिए किए गए टेंडर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा, राज्य सरकार अधूरे स्काई वॉक पर पैसा खर्च करने के बजाय आम जनता की मांग के अनुरूप फ्लाई ओवर बनाने की दिशा में आगे बढ़े, जिससे वर्तमान एवं भविष्य में भी यातायात समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। स्काईवॉक योजना के खिलाफ शहर की जनता बुद्धिजीवी वर्ग व्यापारी डॉक्टर सभी वर्ग थे। आज सरकार ने अधूरे स्काईवॉक को पुनः बनाने का फैसला किया है, इसके खिलाफ ही आम जनता की प्रतिक्रिया आ रही है। सरकार को स्काईवॉक को बनाने के निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए और शहर के भविष्य की मांग के अनुरूप फ्लाई ओवर बनाने पर योजना बनानी चाहिए।

## निकाली गई तिरंगा यात्रा, सभी वर्ग में दिखा उत्साह

# तिरंगा यात्रा निकाली, भारतीय सैनिकों की बहादुरी को किया सलाम, लगाए नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

आजाद भारत के कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा पर्यटकों की हत्या करने की घटना का बदला ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान से विजय हासिल करने की खुशी में पूरे देश में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना, इको क्लब, झरना देवी मानव संस्थान हथबंद, ग्राम पंचायत हथबंद के संयुक्त प्रयास से ग्राम हथबंद में कार्यक्रम अधिकारी योगेश त्रिवेदी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें भारत माता की जय, ऑपरेशन सिंदूर जिंदाबाद के जोशीले नारे लगाए गए। तत्पश्चात दुर्गा चौक और भारत माता चौक पर सभा आयोजित कर लोगों को तिरंगा यात्रा का उद्देश्य बताया गया। ब्लाक सिमगा सरपंच संघ के अध्यक्ष दिनेश चवरे ने मोदी सरकार के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर लोगों को बधाई दी। जनपद पंचायत सिमगा के भूतपूर्व अध्यक्ष मोहन धीकडे ने लोगों को देश सेवा के लिए आगे आने की अपील की। झरना देवी मानव संस्थान हथबंद के संस्थापक डॉ. उत्तम विश्वास ने पाकिस्तान द्वारा ड्रोन आक्रमण को हमारे वीर सैनिकों द्वारा विफल करने पर बधाई दी।



### शहीद वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी

कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी द्वारा पहलगाम के आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों तथा ऑपरेशन सिंदूर में शहीद वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। श्री त्रिवेदी ने युद्ध में पाकिस्तान के साथ देने वाले देशों टर्की, चाइना के सामनों का बहिष्कार करने की अपील की। जनपद सदस्य अंजू बबलू पटेल ने आमंत्रित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बलौदा विधान सभा के विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, ग्राम हथबंद के सरपंच ढाले श्वरी नरेश अनंत शाला विकास समिति हथबंद के सदस्य धनेश निषाद, प्रकाश पाल, जीतू यादव, जनपद सदस्य अंजू पटेल, रिटायर्ड फौजी एस के वर्मा, पंच संतराम ध्रुव, मूलचंद टंडन सहित ग्रामवासी राष्ट्रीय सेवा योजना हथबंद के सीनियर स्वयंसेवक विनय कोसले अर्चना वर्मा गीतांजलि वर्मा अनीता निषाद, दल नायिका शिवानी टंडन धनराज प्रेम यादव, इको क्लब के लक्ष्मी साहू आइसा खान सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता देश गौरवान्वित

भाटापारा। भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण को सम्मान देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन विशेष रूप से सेना द्वारा संपन्न "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता को समर्पित रहा, जिसने सम्पूर्ण राष्ट्र को गौरवान्वित किया है।इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। यात्रा नगर पालिका कार्यालय से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक तक उल्लास एवं गौरव के साथ सम्पन्न हुई। राष्ट्रभक्ति के नारों, लहराते तिरंगों और नागरिकों के जोशीले उत्साह ने सम्पूर्ण वातावरण को देशप्रेम से अभिभूत कर दिया। इस अवसर पर नगर के पूर्व सैनिक, पार्षदगण, अधिकारीगण, समाजसेवी, महिला मंडल, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। सभी की सक्रिय भागीदारी ने यह संदेश दिया कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता, सम्मान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।

यात्रा का प्रमुख उद्देश्य देश के रक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करना, युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना तथा सामाजिक एकता, अखंडता और सजग नागरिकता को प्रोत्साहित करना रहा। यात्रा के समापन अवसर पर उपस्थितजनों ने एक स्वर में भारतीय सेना को नमन करते हुए तिरंगे को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।




#### तिरंगा यात्रा है राष्ट्रप्रेम का प्रतीक : अश्वनी शर्मा

अश्वनी शर्मा ने कहा भारतीय सेना के अद्वितीय साहस और बलिदान ने हमें यह आज़ादी और सुरक्षा का वातावरण प्रदान किया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी सफलताएं हम सभी को गर्व से भर देती हैं। यह तिरंगा यात्रा हमारे उन वीर जवानों के प्रति आभार और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। यह आयोजन न केवल नगर भाटापारा में देशभक्ति की भावना को पुनर्जीवित करने वाला सिद्ध हुआ, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए प्रेरित करता रहेगा।

## समर कैंप में बच्चों को मिलेगा कला, विज्ञान और तकनीक का निःशुल्क प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं बलौदाबाजार जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शुक्रवार को एमडीवी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में किड्स समर कैंप और विकासखंड स्तरीय नवप्रेरणा कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया।

**गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को मिलेगा रचनात्मक मंच :** करीब दो माह तक चलने वाले इस समर कैंप में बच्चों को निःशुल्क रूप से गायन, वादन, नृत्य, एयरोमॉडलिंग, रोबोटिक्स, ड्रोन उड़ान और 3डी पेंटिंग जैसी विविध विधाओं में प्रशिक्षण मिलेगा। मंत्री जायसवाल ने समर कैंप के दौरान चल रहे संगीत सत्र में भाग लेते हुए बच्चों के साथ गिटार बजाया और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह कैंप बच्चों की गर्मी छुट्टियों का रचनात्मक उपयोग करने का एक शानदार माध्यम है।

**प्लेनेटोरियम से बच्चों को मिल रहा विज्ञान का जीवंत अनुभवः** बच्चों की वैज्ञानिक समझ और जिज्ञासा को बढ़ावा देने के लिए समर कैंप में प्लेनेटोरियम की विशेष व्यवस्था की गई है। इसमें बच्चे सूर्य ग्रहण, चंद्र ग्रहण, तारामंडल आदि खगोलीय घटनाओं को 20 मिनट की प्रस्तुति के माध्यम से न केवल समझ रहे हैं, बल्कि उन्हें प्रत्यक्ष अनुभव भी कर पा रहे हैं।

### नवप्रेरणा कोचिंग सेंटर का विस्तार, प्रतियोगी परीक्षार्थियों को मिलेगा लाभ

इस अवसर पर युवाओं के लिए संचालित नवप्रेरणा कोचिंग सेंटर का भी विस्तार किया गया। अब यह सेंटर जिले के सभी पांच विकासखंडों में शुरू कर दिया गया है। आधुनिक टू-वे कम्युनिकेशन सिस्टम से जुड़ी यह कोचिंग सेंटर मुख्य केंद्र से सीधे संवाद की सुविधा देगी। साथ ही सभी कक्षाएं यूट्यूब लिंक के माध्यम से भी उपलब्ध रहेंगी, जिससे छात्र किसी भी समय अपनी पढ़ाई कर सकेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, डीईओ हिमांशु भारतीय सहित अन्य गणमान्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## हाई स्कूल में प्रार्थना शेड निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा स्वीकृत ग्राम पंचायत बरडीह के हाई स्कूल परिसर में प्रार्थना शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सभापति सहकारिता एवं उद्योग जिला बलौदाबाजार डॉ. मोहन लाल वर्मा, जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच सोनबाई ध्रुव, पूर्व सरपंच भागीरथी वर्मा, कीर्ति वर्मा, करण वर्मा, जनपद सदस्य सविता हेमंत यादव, खोमलाल साहू, सुखनंदन चेलक, झालाराम वर्मा, रामकुमार साहू, सुनील वर्मा, डोमार मार्कण्डेय, सोनू वर्मा, पुनऊ भारती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस मौके पर वक्ताओं ने मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा ग्राम के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की एवं आगामी दिनों में अन्य विकास कार्यों की अपेक्षा जताई।

## 16 प्रमुख वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में वनोपज राजकीय व्यापार अन्तर्विभागीय समिति (आईडीसी) की 306वीं बैठक नवा रायपुर स्थित मंत्री निवास कार्यालय एम-10 के हॉल में हुई। वनोपज राजकीय व्यापार अंतर्विभागीय समिति (आईडीसी) की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वन मंत्री मंत्री केदार कश्यप ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही 2021 सीजन के वनोपजों के लॉट क्रमांक 123(ब) के आवंटन के लिए प्रस्ताव पर चर्चा की। बैठक में वर्ष 2023-24, तथा 2024-25 के लिए भारत सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के अंतर्गत 16 प्रमुख वनोपज महुआ फूल, तेंदूपत्ता (बीज रहित), गोंद, हर्रा, बहेरा, चिरौंजी, कोदो, कुल्थी, रागी, गिलोय, कुसुम बीज, बहेड़ा बीज आदि वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी के प्रस्ताव को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा गोदाम शुल्क रहित महुआ फूल (बीज रहित) की एक लाख क्विंटल के विक्रय को पूर्व स्वीकृत दरों पर निर्यात हेतु स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इसी तरह बैठक में वर्ष 2024-25 एवं 2025 के लिए समर्थन मूल्य योजनांतर्गत गोदाम शुल्क रहित वनोपजों की विक्रय दरों के निर्धारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं प्रस्तावों पर भी समिति द्वारा विचार किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव वन ऋचा शर्मा, सचिव वन अमरनाथ प्रसाद, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वी श्रीनिवास राव, राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक अनिल साहू, कार्यकारी संचालक मनीवासगन, सलमा फारूकी सहित अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## देवसुंद्रा के ग्रामीणों ने चंदा कर जुटायी 1.30 लाख की राशि

# बुजुर्ग महिला का पक्का मकान बनाने ग्रामीणों ने उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



कहते हैं जिनका कोई नहीं होता, उनका भगवान होता है और इस बात को सच कर दिखाया है, जनपद पंचायत के ग्राम देवसुंद्रा के ग्रामीणों ने। यहां के निवासी वेदप्रकाश वर्मा और उनके साथियों ने एक मिसाल पेश की है, जो न सिर्फ गांव बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक बन चुकी है।

गांव की एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला टेटकी बाई और उनके बीमार पुत्र चिंता लंबे समय से कठिन परिस्थितियों में जीवन व्यतीत कर रहे थे। न कोई पक्का घर था, न खेत न आमदनी का कोई स्थायी जरिया। दो वक्त की रोटी का जुगाड़ भी मुश्किल होता था। ऐसे हालात में जब हर तरफ से निराशा ने घेरा, तब गांव के युवा वेदप्रकाश वर्मा ने आगे बढ़कर इनका सहारा बनने की ठानी।

वेदप्रकाश वर्मा ने न केवल अपनी मेहनत की कमाई से इस नेक काम की शुरुआत की, बल्कि गांव के अन्य लोगों से अपील कर एक अभियान शुरू किया। इस अभियान में गांव के युवा, किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी—सभी ने मिलकर योगदान दिया। सिर्फ कुछ ही दिनों में 1 एक लाख 30 हजार रुपये की राशि चंदे के रूप में इकट्ठी हो गई।

यह पूरी राशि अब टेटकी बाई और उनके बेटे के लिए एक पक्के घर के निर्माण में उपयोग हो रही है। गांववालों की मदद से अब यह परिवार जल्द ही खुले आसमान के नीचे नहीं, बल्कि अपनी छत के नीचे सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकेगा।इस पूरी पहल के सूत्रधार वेदप्रकाश वर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा हमने सिर्फ अपना फर्ज निभाया है। अगर हमारे छोटे प्रयास से किसी की जिंदगी में बदलाव आता है, तो इससे बड़ा कोई धर्म नहीं। यह घर नहीं, हमारी एकता और भावना की नींव पर खड़ा होगा।

### संवेदनशीलता का प्रतीक है चंदा

यह चंदा सिर्फ एक धनराशि नहीं है, बल्कि यह उस संवेदनशीलता और एकता का प्रतीक है, जो अब भी हमारे गांवों में जीवित है। ग्रामवासियों का कहना है कि टेटकी बाई सिर्फ एक व्यक्ति की मां नहीं, बल्कि पूरे गांव की जिम्मेदारी हैं। चिंता की बीमारी के बावजूद भी वह मां-बेटे का रिश्ता, उनका संघर्ष, हर किसी के दिल को छू गया।

### प्रशासन और योजनाओं पर उठते सवाल

इस घटना ने सरकारी योजनाओं की पहुंच पर भी सवाल खड़े किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था सहायता जैसी योजनाएं आखिर क्यों इस बुजुर्ग तक नहीं पहुंचीं यह एक गंभीर मुद्दा है, जिस पर प्रशासन को संज्ञान लेने की आवश्यकता है। हालांकि ग्रामीणों ने यह जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई है और उम्मीद है कि भविष्य में शासन से भी सहयोग मिलेगा। देवसुंद्रा गांव की यह घटना केवल एक खबर नहीं है, यह एक उदाहरण है कि अगर समाज ठान ले तो किसी भी परिस्थिति को बदला जा सकता है। टेटकी बाई के लिए जो किया गया है, वह न केवल एक जीवन को बदलने वाला कदम है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन गया है।

## सत्यनारायण कथा में शामिल हुए जिपं अध्यक्ष

**खरोरा।** ग्राम केसला में श्री हरि एनिमल केयर रेस्क्यू सेंटर के सदस्यों द्वारा आयोजित भगवान सत्यनारायण कथा में अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर नवीन कुमार अग्रवाल सम्मिलित होकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किए।

इस दौरान उनके रेस्क्यू सेंटर एवं उनकी देखरेख की व्यवस्था का निरीक्षण भी किया, जहां उनके द्वारा क्षेत्र में कही भी असहाय पशुओं, दुर्घटना ग्रस्त मवेशियों का इलाज व देख भाल का कार्य निःस्वार्थ रूप से किया कर रहा है। इस पुनीत कार्य हेतु अपनी शुभकामनाएं दी तथा यह सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभाग से वार्ता कर हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी प्रदान किया।



उन्होंने कहा गौ माता न केवल धार्मिक दृष्टि से पूजनीय हैं, बल्कि हमारे ग्रामीण जीवन, जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण में उनका योगदान अमूल्य है। उन्हें पोषण देना, उनका संरक्षण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

## खबर संक्षेप



### 10वी-12वी के छात्राओं ने बरदा स्कूल का नाम किया रोशन

**मुंडा।** ग्राम बरदा की शासकीय हाई स्कूल व विद्यादायिनी के छात्राओं ने अच्छे अंक लाकर बरदा स्कूल का नाम रोशन किया। इसमें कक्षा दसवीं से लक्ष्मी वर्मा 90 प्रतिशत, लता बंजारे 95 प्रतिशत, कक्षा बारहवीं से रेनू 82.40 प्रतिशत, मानसी बंदे 79 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल को गौरवान्वित किया। बरदा के सरपंच देव कुमारी दुकालू बंजारे, अनीता ने छात्राओं के घर पहुंच कर मिठाई खिलाई।

### नवीन प्राथमिक स्कूल में समर कैंप शूरू



**खरोरा।** पीएम श्री नवीन प्राथमिक शाला में समर कैंप का शुभारंभ किया गया। यह समर कैंप 15 से 26 मई तक चलेगा। प्रथम दिवस पूजा अर्चना की गई। इसमें योगाभ्यास सुनील कुमार पटेल द्वारा कराया जाता है तथा संगीला वर्मा द्वारा स्पोकन इंग्लिश सिखायी जाती है। साथ ही बच्चों को ड्राइंग पेंटिग, खिलौना सेल्फी जोन, क्ले माळलिग, क्ले मॉडलिंग लोक नृत्य कहानी सुनाना तथा रचनात्मक गतिविधियां करायी जाती है। इससे सभी शिक्षक अपनी सहभागिता निभा रहे हैं।

### बंगोली खरोरा सड़क हादसे की हो उच्चस्तरीय जांच

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर विगत दिनों 11 मई की रात बंगोली खरोरा में हुई भीषण दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही मृतकों के परिजनों को 20 लाख प्रति परिवार एवं प्रत्येक घायल को 5 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा का कहना है कि इस मार्ग पर कोई संकेतक नहीं लगाए गए हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपए तथा हर घायल को 5 लाख रुपए की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में चक्काजाम किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी पूरी संवेदना से पीड़ित परिवार के साथ है। इस दौरान पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, भावेश बघेल, पप्पू राजेंद्र बंजारे, सौरभ मिश्रा, दुर्गेश वर्मा, चूड़ामणि साहू, रूपेश बघेल, बबलू भाटिया, अमित जांगड़े, नीतू साहू, साहिल खान, खूबी डहरिया, गावेश साहू, सूर्यप्रताप बंजारे, ऋतिक बंजारे, नीलेश जांगड़े, जगन्नाथ लहरे, घनश्याम परमार सहित धरसींवा के कांग्रेसजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### मंडी में 4 हजार कट्टा धान का आवक

**महासमुंद।** कृषि उपज मंडी महासमुंद में 6 मई से रबी फसल धान का क्रय-विक्रय कार्य जारी है। 16 मई को लगभग 4000 कट्टा धान का आवक हुआ। जिसमें धान की गुणवत्ता अनुसार न्यूनतम मूल्य 1670 रुपए तथा अधिकतम मूल्य 1835 रुपए रहा।

## जीत का स्वागत : गांव में रैली के दौरान गूंजा राष्ट्रगान और देशभक्ति गीत

# भारतीय सेना के शौर्य को सलाम, नपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

देश की सैन्य शक्ति के पराक्रम और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर नगर पालिका बलौदा बाजार द्वारा तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा देश की तीनों सेनाओं – थल सेना, वायु सेना एवं नौसेना के अद्वितीय शौर्य और बलिदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई के निर्देशन में सभी अधिकारी-कर्मचारी इस तिरंगा यात्रा में उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। यात्रा के दौरान अशोक जैन ने देश की रक्षा में सतत सक्रिय वीर सैनिकों की सराहना करते हुए कहा कि भारत की तीनों सैन्य शक्तियों ने अपने अद्भुत पराक्रम से भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने नगर के विभिन्न स्थलों पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पं. जवाहरलाल नेहरू एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

यह तिरंगा यात्रा 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत भारतीय सेना के पराक्रम को प्रदर्शित करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों – नयापारा, शिशु मंदिर, गांधी चौक, नेहरू चौक होते हुए सदर मार्ग से होते हुए अंबेडकर चौक तक निकाली गई। यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों की गूंज और 'भारत माता की जय' जैसे नारे वातावरण में जोश और गर्व भरते रहे।

गुलाब की पंखुड़ियों से तिरंगा यात्रा का स्वागत फ्लावर व्यवसायी उमेश चंद्राकर ने किया, जबकि संजू पटेल एवं रामाधार पटेल ने अंबेडकर चौक पहुंचने से पूर्व रैली का अभिनंदन किया। इस तिरंगा यात्रा में नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, पार्षदगण हरजीत सिंह सलूजा, सतीश पटेल, जेके डड़सेना, ममता देवकते राव, श्रद्धा वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए।भाजपा नेता योगेश अग्रवाल, राहुल सोनी, रवि साहू, मितेंद्र जैन, नगर पालिका के उप अभियंता विनोद यादव, लेखापाल दुर्गेश साहू, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, प्रभारी राजस्व निरीक्षक प्रसून शर्मा समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा मनी कंचन केंद्र एवं स्वच्छता विभाग के कर्मचारी बड़ी संख्या में तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए।इस आयोजन के माध्यम से नगरवासियों में देशभक्ति की भावना और भारतीय सेना के प्रति सम्मान और गर्व की भावना का संचार हुआ।






### आपरेशन सिंदूर की जीत पर औरेंठी में निकाली तिरंगा यात्रा

सिमगा। विकासखंड के ग्राम पंचायत औरेंठी में शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। विदित हो कि भारत के जल, थल, वायु सेना के सशस्त्र बलों एवं अर्धसैनिक बलों के शौर्य साहस एवं बलिदान से विगत दिनों आपरेशन सिंदूर के विजय होने पर हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा को सबल किया है। इसके भाव एवं सेनाओं के शौर्य दर्शन के लिए देश के प्रत्येक शहरों एवं गांवों में ग्राम पंचायत स्तर पर तिरंगा लेकर जनप्रतिनिधि आम जनता एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा रैली निकाल कर समस्त सेनाओं का आभार व्यक्त किया। इससे आम जनता के मन में आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा से आश्वस्त रहे। इस दौरान सेनाओं एवं महापुरुषों के जय जय कार के नारे लगाए गये। आपरेशन सिंदूर से मिली सफलता को ऐतिहासिक बताते हुए पोस्टर एवं तिरंगे को हाथों में पकड़ कर प्रदर्शित किया गया।



### अर्जुनी में निकाली तिरंगा यात्रा



**अर्जुनी।** जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में शनिवार को भारतीय सेना द्वारा पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान हम सेना के साथ है ऑपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र है के नारे के साथ भारत माता का जय घोष किया गया। ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा सम्मान पर देश भक्ति गीतों के साथ गांव की गलियों का भ्रमण किया गया, जिससे समूचे नगर देशभक्ति में गुजमान हो गया। इस तिरंगा यात्रा में जनपद सदस्य वेदेश्वरी त्रिलोक यादव, सरपंच कविता ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव, सचिव राजेश साहू, प्रेमचंद वर्मा, भोलाराम यदु, राधेश्याम साहू, सचिन सोनी, प्रेमचंद साहू, ओमप्रकाश साहू, राजेश्वरी ध्रुव, प्रीति साहू, चित्ररेखा यदु, चंद्रौतीन साहू, विनोद सोनी, यशवंत तिवारी, राजू ध्रुव, विजय वर्मा, जीवन साहू, देवनारायण साहू, टिकेश्वरी साहू, तेजीन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सड़कों पर लगे भारत माता के नारे

पलारी। नगर पंचायत पलारी में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया। यात्रा में सभी उम्र के लोग शामिल हुए और देशभक्ति के नारे लगाए। पलारी नगर देशभक्ति के रंग में रंगा दिखा। विदित हो कि हाल ही में पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी घटना के जवाब में भारत के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के समर्थन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं पार्षदों ने एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी उत्साह से शामिल हुए। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी बंजारा, पार्षदगण लेखु वर्मा, भूषण ठेठवार, कुमार धीवर, नारायण धीवर, पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा देवांगन, योगेश योगी वर्मा, भोला वर्मा, घनश्याम धिरहे सहित नगर पंचायत के कर्मचारी, स्वच्छता कर्मी गण उपस्थित थे।




# सेना के सम्मान में छात्र, युवा और बुजुर्गों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**बलौदाबाजार।** ग्राम खैरी (आर) में शनिवार को 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया गया। यह यात्रा भारतीय सेना के हाल ही में संपन्न ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता को समर्पित थी, जिसमें सेना ने जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 से अधिक आतंकवादियों को ढेर कर देश की सुरक्षा को और सुदृढ़ किया।

ग्राम की गलियों में गूंजते देशभक्ति के नारों, लहराते तिरंगों और उत्साहित जनसमूह ने पूरे वातावरण को राष्ट्र भक्ति से सराबोर कर दिया। इस यात्रा में ग्राम के सभी वर्गों छात्र-छात्राएं, युवा, महिलाएं एवं बुजुर्ग ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक परिधानों में सजे ग्रामीणों ने हाथों में तिरंगा लेकर सेना के प्रति सम्मान और देशप्रेम की भावना का परिचय दिया।

यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह लोगों ने भारतीय सेना के शौर्य को सलामी दी। स्कूली बच्चों ने तिरंगा हाथ में लिए हुए राष्ट्रगान और देशभक्ति गीतों के साथ यात्रा को ऊर्जावान बना दिया।

स्थानीय निवासी चन्द्र प्रकाश ध्रुव ने इस अवसर पर कहा, यह यात्रा हमें अपनी सेना पर गर्व करने का अवसर देती है। हम सभी देश के लिए एकजुट हैं और सेना के बलिदान को कभी नहीं भूल सकते। एक स्कूली छात्रा ने बताया कि उसे तिरंगा लेकर चलना गौरवपूर्ण अनुभव लगा और वह इस क्षण को कभी नहीं भूलेगी।



### सम्मान रैली में लगे शहीद युगल किशोर वर्मा अमर रहे के नारे

**खरोरा।** भारतीय सेना के शूरवीरों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से एक बार फिर दुनिया को बता दिया कि भारत की रक्षा करने वाले कभी पीछे नहीं हटते। उनकी इस गौरवगाथा पर पूरा देश नतमस्तक है। आज सैनिकों के गौरव गाथा को नमन करते हुए ग्राम पंचायत भवन कनकी परिसर से गांव के बच्चे, बूढ़ो, युवाओं, महिलाओं द्वारा भारत माता के सच्चे सपूतों भारतीय सेना के सम्मान में रैली निकाली। भारत माता की जय, वीर शहीद युगल किशोर वर्मा अमर रहे के जय घोष के साथ रैली पंचायत भवन से होकर वीर शहीद युगल किशोर वर्मा के स्मारक मेन रोड कनकी तक पहुंची। कार्यक्रम में मुख्य से रूप सरपंच ग्राम पंचायत कनकी दुर्गेश वर्मा, सचिव कोमल प्रसाद साहू, रोजगार सहायक खड़ानन्द वर्मा, समस्त पंच, समस्त मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला समूह सदस्य सहित ग्रामीणजन भारी संख्या में उपस्थित हुए।




### धौराभाठा में निकाली गई तीरंगा यात्रा



**गोपालपुर।** ग्राम पंचायत धौराभाठा में तीरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें धन बाई हीरा लाल साहू सरपंच, पंचगण और ग्रामीण शामिल हुए। यह यात्रा सिंदूर ऑपरेशन की सफलता से शासन सभी गांवों में आयोजित कर रहा है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेंदूरस में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें दिनेश श्रीवास सरपंच, पंच एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### बरौंडा में सिंदूर विजय तिरंगा यात्रा निकाली

**बंगोली।** ग्राम पंचायत बरौंडा में आपरेशन सिंदूर विजय तिरंगा यात्रा निकाली गई। विगत दिनों पहलगाम में आतंकवादी द्वारा निहत्थे निर्दोष लोगों पर धर्म पूछ पूछ कर गोली मारी गई थी, जिसमें 27 लोगों को मौत के घाट उतारा। उक्त घटना से आक्रोशित पूरे भारतवासियों ने बदला लेने का निर्णय लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उक्त घटना को ऑपरेशन सिंदूर नाम देकर पाकिस्तान के दुर्दांत आतंकवादियों के अड्डे को मिसाईल से नेस्तनाबूध करते हुए अनेक आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा।उक्त घटना से भारत व पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़कर युद्ध छिड़ गया और दोनों देश के युद्ध में पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी और सिजफायर हुआ। इसके उपलक्ष्य में युद्ध सिंदूर ऑपरेशन विजय तिरंगा रैली दिवस के रुप में भारत के वीर जवानों को याद करते हुए विजयी विश्व तिरंगा प्यारा -झंडा ऊंचा रहे हमारा, जय जवान जय किसान के गगन भेदी नारा, देश, भक्ति गीत व ग्रामवासियों ने हाथ में तिरंगा उठाये प्रत्येक गली में तिरंगा विजय रैली निकाली। रैली में मनरेगा श्रमिकों, स्कूली बच्चे व ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों तथा समस्त ग्रामवासी रैली में शामिल हुए ।विजय तिरंगा यात्रा में सरपंच नीलू मढ़रिया, उपसरपंच इंदिरा कुर्रे, सचिव सुरेंद्र कुमार पटेल, रोजगार सहायक जगदेव कंडरा, जयप्रकाश चौहान कोटवार, प्रधान पाठक कुंजनदास कुरे, टोपसिंग टंडन, शिक्षक सुनील पाटकर, विधान मंडल, पंच जवाहर साहू, लालदास गिलहरे, इंदिरा देवांगन, अंजनी साहू, घनश्याम धीवर, ऊषा जॉगड़े, प्रियंका निर्मलकर, लता देवांगन सहित ग्रामवासी रैली में शामिल हुए।




# संविधान बचाओ रैली : कांग्रेस ने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार के अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे की अगुवाई में 17 मई को संविधान रैली हेतु जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक हुई, जहां आगामी 19 मई को जांजगीर-चांपा में होने वाले संविधान रैली के संबंध में, उपस्थित समस्त कांग्रेस सदस्यों, पदाधिकारी, वरिष्ठजनों, विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिया गया। उक्त कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए निर्देशित किया गया, यहां मुख्य रूप से सुमित्रा धृतलहरे अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार, कसडोल विधायक संदीप साहू, भाटापारा विधायक इंद्र साव, कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद शर्मा, हितेंद्र ठाकुर पूर्व अध्यक्ष बलौदा बाजार, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमचंद जायसी, अशोक राज आहूजा प्रभारी बलौदा बाजार, महिला जिला अध्यक्ष गौरी भृगु, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम पटेल, सेवा दल अध्यक्ष संतोष यादव, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, केके नायक, दया राम वर्मा, रूपेश ठाकुर, विक्रम गिरी, भुनेश्वर वर्मा, सुनील कुर्रे के साथ पद्मिनी साहू, अंजली भारती, सुनीता यादव, गोपी साहू, पिंटू वर्मा, रवि बंजारे, घनश्याम वर्मा, रूद्रदेव कश्यप, मनीष चंद्राकर, अश्वनी वर्मा, डॉ. अहमद फारूखी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिकारी उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक कविता प्राण लहरे के बतौर प्रतिनिधि, वनांचल सोनाखान से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, जान मोहम्मद खान, हेमलाल पटेल, सुखलाल केवट, रामकुमार नायक, सक्रिय रूप से भाग लिए।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य बिन्दु संविधान बचाओ रैली में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने राहुल गांधी, मल्लिका अर्जुन खड़गे के हाथ को मजबूत करने और भारतीय संविधान को बचाने की बात कही गई।



### साहू समाज की बैठक लिमतरा में आज

**धमतरी।** साहू समाज की बैठक 18 मई रविवार को साहू समाज परिक्षेत्र भवन लिमतरा में रखी गई है, जिसमें वार्षिक आय-व्यय की जानकारी, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं प्राप्त आवेदन पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल

शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
गुर्दे की पथरी का दर्द
सबसे भयानक दर्दो में से एक है। जिसे कोई भी व्यक्ति अनुभव कर सकता है।
इसके लक्षण कारण और उपाय जानने के लिए संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 15,500/
12 ज्योतिर्लिंग
रिजर्वेशन कोच
04 जून ,14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिर्डी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर 15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411